प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 18.02.2026

- **थाना रनियां पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना कारित करने वाले 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रनियां पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए, दिनांक 15.02.2026 को मोटर साइकिल चोरी के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना रनियां पर मु0अ0सं0 29/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए थाना रनियां पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 18.02.2026 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.सूरज पुत्र स्व0 सत्येन्द्र सिंह निवासी सुन्दरनगर थाना रनियां जनपद कानपुर देहात, 2. कन्हैया कश्यप पुत्र नन्हे निवासी किसरवल थाना रनियां जनपद कानपुर देहात, 3. सत्यम पुत्र विनोद कुमार निवासी किसरवल थाना रनिया जनपद कानपुर देहात को नारीखेत से आगे नहरिया पुलिया से करीब 100 मीटर पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल नं0 UP 77Q 5393 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-

1. सूरज पुत्र स्व0 सत्येन्द्र सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी सुन्दरनगर थाना रनियां जनपद कानपुर देहात।
2. कन्हैया कश्यप पुत्र नन्हे उम्र करीब 26 वर्ष निवासी किसरवल थाना रनिया जनपद कानपुर देहात।
3. सत्यम पुत्र विनोद कुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी किसरवल थाना रनिया जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण-

1. 01 टीवीएस अपाची मोटर साइकिल न0 UP 77 Q 5393

गिरफ्तार करने वाली थाना रनियां पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार
2. हे0का0 250 सत्येन्द्र सिंह
3. हे0का0 10 संजय सिंह
4. का0 201 नरेन्द्र राना
5. का0 629 सोनू